मूल हिंदी में

भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1467
09.02.2026 को उत्तर के लिए

बिहार में संरक्षित वन क्षेत्र का सृजन

1467. श्री राजेश रंजन :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश का औसत वन क्षेत्र 21 प्रतिशत है, जबकि बिहार का कुल वन क्षेत्र 7 प्रतिशत है और उत्तर बिहार के कोशी-सीमांचल क्षेत्र में वन क्षेत्र 2 प्रतिशत से भी कम है;

(ख) यदि हाँ, तो क्या केंद्र सरकार जलवायु परिवर्तन को संतुलित करने के लिए पूर्णिया, कटिहार, अररिया, किशनगंज, सहरसा, सुपौल, मधेपुरा जिलों में बड़े संरक्षित वन क्षेत्र/बाघ अभयारण्य/बायोस्फीयर रिजर्व बनाने के प्रति संवेदनशील है; और

(ग) यदि हाँ, तो इसके कब तक पूरा होने की संभावना है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) से (ग) भारतीय वन सर्वेक्षण (एफएसआई), देहरादून, जो पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अधीनस्थ संगठन है, देश में वन एवं वृक्ष आवरण का द्विवार्षिक आकलन करता है तथा इसके निष्कर्ष भारत वन स्थिति रिपोर्ट (आईएसएफआर) में प्रकाशित किए जाते हैं।

आईएसएफआर -2023 के अनुसार, देश का अभिलेखित वन क्षेत्र 7,75,377 वर्ग किलोमीटर है, जो देश के भौगोलिक क्षेत्रफल का 23.59% है। बिहार राज्य का अभिलेखित वन क्षेत्र 7,442 वर्ग किलोमीटर है, जो बिहार राज्य के भौगोलिक क्षेत्रफल का 7.90% है। अभिलेखित वन क्षेत्र का जिला-वार विवरण आईएसएफआर-2023 में प्रकाशित नहीं किया गया है।

संरक्षित क्षेत्रों/राष्ट्रीय उद्यानों/वन्यजीव अभयारण्यों/बाघ अभयारण्यों का सृजन संबंधित राज्य सरकार द्वारा वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के अंतर्गत वैधानिक प्रावधानों के अनुसार, पारिस्थितिक उपयुक्तता, वन भूमि की उपलब्धता तथा अन्य महत्तवपूर्ण तथ्यों के आधार पर किया जाता है।

*****